सार-समाचार

श्याम मंदिर में पाटोत्सव कार्यक्रम

झुंझुनूं, (निसं)। खेतानों का मोहल्ला स्थित श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम में पाटोत्सव पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होंगे। श्री श्याम परिवार संस्थान के सचिव श्रीकांत गाडिया ने बताया कि पाटोत्सव कार्यक्रम में 1 जून को निशान पदयात्रा निकाली जाएगी। सूरजगढ निशान की अगुवाई में पदयात्रा केसरिया ध्वज लेकर अग्रसेन भवन से दोपहर 3:15 बजे रवाना होंगे और शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए शाम को श्री श्याम मंदिर झुंझुनूं धाम पहुंच कर बाबा को निशाना अर्पित करेंगे। शाम को सूरजगढ़ दरबार के हजारीलाल सैनी मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार 2 जून को सुबह 9:15 बजे आचार्य वेदप्रकाश महमिया के सानिध्य में सवा लाख रुद्राक्ष शिव महायज्ञ होगा। रात्रि में खाटूधाम के महन्त मोहनदास महाराज के सानिध्य में भजन संध्या होगी। इसी क्रम में 3 जून को सुबह 9:15 बजे श्रीश्याम अखंड ज्योत पाठ होगा। इसमें व्यासपीठ से पंडित दिनेश सुरोलिया और सुभाष अजमेर द्वारा वाचन किया जाएगा। इस अवसर पर किनकिनी डांस ग्रुप कोलकात्ता के द्वारा नृत्य नाटिका पेश की जाएगी। रात्रि जागरण में ग्वालियर के मशहूर गायक मनोज शर्मा द्वारा बाबा को रिझाया जाएगा। पाटोत्सव पर विशेष आकर्षण बंगाली कारीगरों द्वारा की जाने वाली फूलों की सजावट होगी। इस कार्यक्रम में श्रद्धालु इत्र वर्षा का आनंद भी ले सकेंगे। इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कल्याण प्रभु को छप्पन भोग लगाया

चिड़ावा (निसं)। शहर में प्रतिदिन सुबह हरिनाम संकीर्तन की अलख जगा रहे श्री हरिनाम प्रभात फेरी को दो साल पूरा हो गया। दूसरे वार्षिकोत्सव के तहत गुरुवार को नगर सेठ के रूप में ख्यात कल्याण प्रभु और लाडली जी का फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। इस दौरान पूरे दरबार को अच्छे से सजाया गया। वहीं भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद समर्पित किया गया। छप्पन भोग का प्रसाद प्रभात फेरी में आने वाले श्रद्धालु ही लेकर आए। वहीं कल्याण प्रभु और हनुमान जी को निशान भी समर्पित किए गए। इससे पहले निशानों के साथ मुख्य बाजार, धाबाई जी का टेकड़ा, पुरानी बस्ती, श्याम मंदिर, परमहंस पंडित गणेश नारायण मंदिर, देवी मंदिर, गौशाला रोड, विवेकानंद चौक होते हुए निशान शोभायात्रा कल्याण राय मंदिर पहुंची। इससे पहले सुबह ढोल नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी की गई। कृष्ण और राम नाम की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस मौके पर भगीनिया जोहड़ हनुमान मंदिर महंत रामसेवक दास का संगठन अध्यक्ष देवानंद चौधरी ने अभिनंदन किया। इस दौरान विक्की हर्षवाल, महेश शर्मा आजाद, सुभाष पंवार, रामचंद्र टीना शर्मा, प्रदीप जसरपुरिया, रामजीलाल सैनी, विकास गुप्ता, रामकिशन केडिया सहित बड़ी संख्या महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

गौ भक्तों ने गौ सेवा की

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी सुरेंद्र गाडिया ने कहा कि मातृभूमि आकर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं में सेवा कर बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई अवसर होता है झुंझुनूं आने का बार-बार मन करता है। यहां के लोगों से जो प्यार मिलता है वह दिल में बस गया है। अवसर था मुंबई एवं अन्य स्थानों से पधारे प्रवासी बंधुओं ने श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं आकर अपने हाथों से गौ माता को गुड़, गेंहूं के आटे से बनी रोटियां एवं हरा चारा इत्यादि खिलाकर गौ सेवा करने का। इस अवसर पर गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, डॉ. डीएन तुलस्यान एवं आनंद टीबड़ा ने प्रवासी अरुणा सुरेंद्र गाडिया, सुनिता रामलाल खेतावत, मधु सुरेश सुरेका, निर्मला सुरेश सौंथलिया, अमित रमेश गाडिया, दीपक गाडिया, अंजू धानुका, प्रेमलता जैन सहित अन्यजन का दुपट्टा ओढ़ाकर गौमाता का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। सभी प्रवासी बंधुओं ने श्री गोपाल गौशाला का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को देखकर मुक्त कंठ से कार्यकारिणी एवं गौ भक्तों की सराहना करते हुए कहा कि रियल में गौ माता की गौशाला में सेवा हो रही है जो की प्रशंसनीय कार्य है।

जिला कारागृह का निरीक्षण किया

चूरू, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देषानुसार गुरूवार को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेषन न्यायाधीष रविन्द्र कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ शरद कुमार व्यास द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्वारा जिला कारागृह के निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई एवं बंदियों के प्रकरणों में नियुक्त अधिवक्तागण तथा पैरवी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया गया तथा सजायाफ्ता बंदियों की अपील के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान यूटीअसी अभियान की जानकारी देते हुये आवष्यक कार्यवाही के निर्देष प्रदान किये गये। सचिव डॉ शरद कुमार व्यास द्वारा बंदियों को दी जाने वाली चिकित्सा सुविधा, भोजन, सीसीटीवी कैमरे, लाईब्रेरी, बैरक एवं बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही अन्य आवष्यक सामग्री की जानकारी ली गई। इस अवसर पर प्रत्येक बंदी के प्रकरण में पैरवी के संबंध में आवष्यक जानकारी ली गई। यह भी बताया गया कि कोई भी बंदी बिना अधिवक्ता न रहे इसलिये उन्हें आवष्यक विधिक सहायता उपलब्ध करवाई जावे।

पूर्व सभापति ने प्रेस वार्ता की

चुरू, (का.सं.)। नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया ने आज जिला मुख्यालय नई सड़क पर प्रेस वार्ता में कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव व छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का राजस्थान में हेलीकॉप्टर नहीं उतरते देना यह राज्य की भाजपा सरकार की तानाशाही है। जिसे हम कांग्रेस जन एवं जनतासहन नहीं करेगी व राज्य की भाजपा सरकार के इस दौहरे पन से जनता में एवं कांग्रेस जनो में भारी आक्रोश है। महनसरिया ने वार्ता में बताया कि भाजपा राहुल गांधी प्रियंका गांधी व सचिन पायलट की सभा में हजारों लाखों की उमडती भीड़ देखकर घबरा गए हैं। महनसरिया ने कहा कि भाजपा के दौहरे पन का जवाब जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान करके देगी पत्रकार वार्ता में पार्षद हाजी अली मोहम्मद भाटी, पार्षद विजय जालान, पार्षद प्रत्याशी मोहन ट्रेलर कायम खानी समाज के जिला अध्यक्ष मुंशी का व युसूफ लोहार थे।

लोक अदालत 13 जुलाई को

चूरू, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेषन न्यायाधीष रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार आजा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ शरद कुमार व्यास द्वारा 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वय संबंध में बैंक व बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी एवं एपीटीपीएस चूरू के अधिकारियो के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मैनेजर एसबीआई रोहित, डिसीओ यूनाईटेड बैक ऑफ इंण्डिया सरेष बुरानिया, मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा मुबारिक, सीनियर मैनेजर बैंक ऑफ इण्डिया, अभिषेक रोहिला, अग्रणी जिला प्रबंधक चूरू अमर सिंह, पंजाब नेषनल बैक से अभिषेक, बिजली विभाग से एक्स ई एन अनिल पूनिया, बीएसएनएल से मुबारिक, एस एच ओ बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कथा में श्रद्धालु भाव विभोर हुए

चूरू, (कासं)। धानुका धर्मशाला में आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन कथा में प्रवचन देते हुए संत हरिशरण ने कहा कि भगवान की भक्ति करना मनुष्य का परम धर्म है। प्रत्येक मनुष्य को भगवान की भक्ति करनी चाहिए। जिससे मानव के कष्टों को निवारण होता है। उन्होने कहा कि भगवान ने धरती पर धर्म की स्थापना करने के लिए अवतार लिए। उनका कहना था इस देश को तोड़ने में सदियों से लगी शक्तियों ने खूब प्रयास किया लेकिन यह वह ताकत है। जिसने सब कुछ सहते हुए भी भारत को खड़ा किया। इस अवसर पर आयोजक सणखत परिवार और श्रद्धालुओं ने भागवत की आरती की। कथा में महिलाएं भगवान श्रीकृष्ण के प्रसंगों को सुनकर भाव विभोर हो गई। कथा के दौरान महिलाएं व पुरूष झूमने लगे।

केन्द्रीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव आज

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर स्थित केन्द्रीय विद्यालय चूरू में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जायेंगा। प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने बताया कि 26 अप्रैल को शुक्रवार को शाम छह बजे जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरण करेंगी। प्राचार्य चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी जायेगी एवं विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जायेंगी।

जूनियर बॉयज कबड्डी लीग का शुभारंभ

झुंझुनूं, (निसं)। स्माइन कबड्डी लीग और झुंझुनूं इकाई खेलो भारत गतिविधि द्वारा झुंझुनूं अकेडमी में शूरवीर डिफेंस अकेडमी के इंडोर स्टेडियम में जूनियर बॉयज कबड्डी लीग का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल केके रेपसवाल, मुख्य वक्ता एबीवीपी जयपुर प्रांत के प्रांत मंत्री अभिनव सिंह, झुंझुनूं अकेडमी के चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी व डायरेक्टर आकाश मोदी, स्पाईन कबड्डी लीग के चेयरमैन योगेश शर्मा, झुंझुनूं पीआरओ हिमांशु सैनी, अंगद देव सिंह मंडावा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल केके रेप्सवाल ने कहा कि पढ़ने वाले छात्र के लिए जितना महत्व पढाई का है। उतना ही महत्व खेल का भी है। प्रत्येक छात्र को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। आज युवा भारत मे देश के खिलाड़ियों ने पूरे विश्व मे अपनी प्रतिभा से भारत का नाम ऊंचा किया है। इस मौके पर प्रांत मंत्री अभिनव सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद युवाओं और समाज के बीच रहकर देश निर्माण का कार्य कर रही है, तो वही युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए खेलो भारत गतिविधि के माध्यम से से देश मे प्रतिभावान युवाओ को मौके देने का काम कर रही है। इस मौके पर डब्लूडब्लूई सुपरस्टार द ग्रेट खली ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। गौरव संपत सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें खेलों के प्रति अपनी भावनाओं को बदलना चाहिए और खेल को ही लक्ष्य बनाकर हम अपना वह परिवार व राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते हैं। खिलाड़ियों को पूरे मन के साथ खेलों में अपनी भूमिका करनी चाहिए। इस मौके पर झुंझुनूं अकेडमी के चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने कहा कि खेलो के माध्यम से व्यक्ति का मानसिक और शारीरिक विकास होता है।

इसके साथ ही युवाओ में टीमवर्क व लीडरशिप की भूमिका का विकास होता है। इस मौके पर स्पाईन कबड्डी लीग के चेयरमैन योगेश शर्मा ने कहा कि भारतीय परंपरा में खेल का एक अपना महत्व है और युवा पीढ़ी को कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी जैसे खेलों को भी महत्व देनी चाहिए। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री समशेर सिंह चौहान, प्रांत सहमंत्री क्षितिज पारीक, प्रांत सोशल मीडिया सह सयोजक नीतिश, जिला प्रमुख परमेन्द्र कुल्हार, जिला संयोजक पंकज सैनी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सतवीर मीणा, जीवेम समूह की एमडी निरजा मोदी, डायरेक्टर आशुतोष मोदी, रानू मोदी, आकाश मोदी, गरिमा मोदी,

स्माइन कबड्डी लीग और झुंझुनूं इकाई खेलो भारत गतिविधि द्वारा झुंझुनूं अकेडमी में शूरवीर डिफेंस अकेडमी के इंडोर स्टेडियम में जूनियर बॉयज कबड्डी लीग का आयोजन किया गया।

■ द ग्रेट खली ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

छात्रावास अधीक्षक कुरड़ाराम धींवा, प्रिंसिपल डॉ. रविशंकर शर्मा, वाइस प्रिंसिपल सरोज सिंह, पीआरओ अरविंद शर्मा, आरएसएस से जिला कार्यवाह योगेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

इस मौके पर द ग्रेट खली ने बोलते हुए कहा कि झुंझुनूं आना काफी खुशी की बात है। उन्हें सबसे ज्यादा मजा स्पोर्टस में आता है। इसलिए अधिक से अधिक खेलना चाहिए। साथ ही उन्होंने राष्ट्रिहत में मतदान करने की अपील भी की। साथ ही खिलाड़ियों से आव्हान किया कि वे खूब खेलें और देश का नाम रोशन करें।

अच्छे खिलाड़ी देगी झुंझुनूं एकेडमी:- द ग्रेट खली ने इस मौके पर झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी की खेल सुविधाओं को देखा और उसकी भी जमकर तारीफ की। द ग्रेट खली ने कहा कि निसंदेह झुंझुनूं जैसे शहर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं यहां से देश के लिए मैडल जीतने वाले और देश के लिए खेलने वाले खिलाड़ी देगी। इस मौके पर द ग्रेट खली के साथ सेल्फी लेने वालों की होड़ मची रही। वहीं बच्चों ने आटोग्राफ भी लिए।

एस.डी.एम. का पुतला जलाया

तारानगर (निसं)। तारानगर उपखंड अधिकारी व अभिभाषक संघ के बिच पिछले लंबे समय से चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं अधिवक्ताओं के बाद राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य व पटवार संघ द्वारा भी जिला प्रशासन को तारानगर उपखंड अधिकारी रवि कुमार द्वारा अभद्र व्यवहार करने व धमकी देने पर ज्ञापन सौंपा गया था। पटवार संघ के समर्थन में बार संघ के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को अभिभाषक संघ की आवश्यक बैठक आयोजित की गयी ततपश्चात समस्त अधिवक्ताओं ने उपखंड कार्यालय के आगे उपखंड अधिकारी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए उपखंड अधिकारी का पुतला दहन किया एवं विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने उपखंड अधिकारी रवि कुमार को तारानगर से हटाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर के मार्फ़त ज्ञापन भेजा। अभिभाषक संघ अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने बताया की उपखंड अधिकारी के अमर्यादित व्यवहार से समस्त अधिवक्ताओं में रोष है यदि अधिवक्ताओं की मांग को जल्द से जल्द नहीं माना गया तो सोमवार से समस्त अधिवक्ता धरने पर बैठेंगे।

जेईई मेन 2024 : हिमांशु की ऑल इंडिया 22वीं रैंक

सीकर. (नि.सं.)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2024 का परिणाम जारी कर दिया है। परिणामों में एलन सीकर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। एलन सीकर के सेंटर हैड सुरेन्द्र सहारण ने बताया कि एलन सीकर के क्लासरूम स्टूडेंट हिमांशु ने 100 पर्सेन्टाइल स्कोर के साथ 300 में से 300 परफेक्ट स्कोर हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 22 प्राप्त की है। जबकि पांच विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया टॉप 500 रैंक में स्थान प्राप्त किया है।

सहारण ने बताया कि एलन सीकर के स्टूडेंट अंकित ने ऑल इंडिया रैंक 166, विष्णु ने 201, हर्षित कालेर ने 442 तथा ईशान शर्मा ने 477 वीं रैंक हासिल की है। जबकि 11 विद्यार्थियों ने 99.9 परेन्सटाइल से अधिक स्कोर किया हैए जोकि सीकर में सर्वाधिक है। इसके साथ ही 46 विद्यार्थियों ने 99.5 परेन्सटाइल से अधिक स्कोर किया है। सहारण ने बताया कि इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में एलन सीकर के स्टूडेंट्स लगातार बेहतर परिणाम दे रहें है। पिछले दस परिणामों में 8 बार एलन सीकर से विद्यार्थी सिटी टॉपर रहे हैं। जेईई डिवीजन के हेड आशुतोष कौशिक ने बताया कि एलन सीकर शेखावाटी का एक मात्र ऐसा संस्थान है जिसने लगातार 4 साल जैईई मेन में 100 पर्सेन्टाइल के साथ अपनी श्रेष्ठता साबित की है। जेईई मेन 2024 के रिजल्ट में विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर केक काटा गया।

एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन के दो वर्ष से क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है। वहीं रैंक.2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेस संजय मिश्रा व रैंक.4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे। इसके साथ ही टॉप.100 में 34 स्टूडेंट्स ने स्थान बनाया है। 19 स्टूडेंट्स ने ओवरआल 100 पर्सेन्टाइल स्कोर किया है। 100 पर्सेन्टाइल प्राप्त करने वालों में नीलकृष्ण, दक्षेश मिश्रा, आदित्य कुमार, मोहम्मद सुफियान, हिमांशु थालोर, अक्षत चपलोत, मीतविक्रम भाई, प्रियांश प्रांजल, हिमांशु यादव, सनवी जैन, सायना सिन्हा, विषारद श्रीवास्तव, सायना विनित मुकुंद, हर्षल कालानी, यशनील रावत, इशान गुप्ता, प्रवण पाटिल, अर्चित राहुल तथा आदेशवीर सिंह शामिल हैं।

बगड़ रोड स्थित गणेश मंदिर समीप शहीद इंद्रसिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सैनिकपुरा में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में गुरुवार को स्वर्गीय राधेश्याम एवं स्वर्गीय सुशील कुमार तुलस्यान की स्मृति में उनके परिवारजन की ओर से लगभग 200 स्कूली बच्चों को बिस्कुट, भुजिया, कुरकुरा, टॉफी एवं शीतल पेय इत्यादि स्नैक्स के पैकेट बनाकर वितरित किए गए। इस अवसर पर दानदाता परिवार से ललितादेवी, सुधादेवी, स्नेहलता एवं डॉ. डीएन तुलस्यान, स्कूल प्रधानाध्यापिका सुनिता कुमारी ढाका, अध्यापिका कंचनलता गोस्वामी, सावित्री देवी, रिंकू चौहान, कृष्णा शर्मा, सुचिता एवं सरोज कुलहरि सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

तारानगर एस.डी.एम. पर वकीलों का गुस्सा फूटा

तारानगर (निसं)। तारानगर उपखण्ड अधिकारी व तारानगर बार एसोसिएशन के बीच आजकल छत्तीस का आंकड़ा चल रहा है।

तारानगर अभिभाषक संघ अध्यक्ष महेन्द्र यादव के नेतृत्व में वकीलों ने उपखण्ड कार्यालय पहूंच कर उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार का पुतला फूंकते हुए उसके खिलाफ चिलचिलाती धूप में जोरदार नारेबाजी की । इस अवसर पर मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम एक ज्ञापन भी जिला कलेक्टर चूरू के मार्फत भेजा गया।

यादव ने ज्ञापन में बताया कि उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार ने बार संघ के अधिवक्ताओं के साथ अमर्यादित व्यवहार किया, उक्त अधिकारी द्वारा राजस्व विभाग के पटवार संघ, कानूनगो संघ के कर्मचारीयों के साथ किये अशिष्ट व्यवहार को लेकर उन्होने भी बहिष्कार कर रखा है जिसके बार में प्रशासन के उच्चाधिकारीयों को अवगत करवाया जा चुका है, यादव ने ज्ञापन में बताया कि चुनाव के दौरान उपखण्ड अधिकारी

■ एसडीएम का पुतला जलाया, एसडीएम का करो तबादला के नारे लगाये

रवि कुमार ने राजकीय महाविद्यालय के प्रार्चाय के साथ भी अशोभनीय व्यवहार किया गया है। यादव ने बताया कि उक्त एसडीएम रवि कुमार के व्यवहार से आमजन भी त्रस्त है। अभिभाषक संघ ने अपने ज्ञापन में मांग रखी कि वर्तमान उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार का तबादला अन्यत्र किया जावे तथा विभागीय जांच भी की जावे, अन्यथा बार संघ द्वारा आगामी दिनों में क्रमिक अनशन शुरू किया जावेगा। इस अवसर पर एडवोकेट पवन कुमार योगी, शाजीद, प्रभुदयाल सहारण, मुकेश शर्मा, देवकीनन्दन शर्मा, विकास सोनी, जितेन्द्र सिंह कोटड़ी, देवाराम प्रजापत, छत्तीस कुमार, धमेन्द्र, भंवरलाल कड़ायला, अनिल स्वामी राजपूरा, ललीत जैन सहित अभिभाषक संघ के सदस्य व पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

भजन संध्या में श्रद्धालु झूम उठे

सीकर, (निसं)। सांवली रोड़ पर शेखावाटी म्यूजियम के पास स्थित सिद्धपीठ श्री बड़ा तालाब दक्षिणमुखी बालाजी धाम में विगत रात्रि विराट भजनसंध्या का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालु बालाजी महाराज व श्यामप्रभु के मधुर भजनों पर झूम उठे। भण्डारे के साथ 125 वां हनुमान जन्मोत्सव का दो दिवसीय आयोजन सम्पन्न हो गया। मंदिर परिसर में बालाजी की ज्योत प्रज्वलित कर पहले दिल्ली से आये भजन गायक अजय तुलसीयान की अगुवाई में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया फिर भजनसंध्या प्रारंभ हुई। श्रीश्यामबाबा भजन समिति के संस्थापक सचिव श्यामभक्त व भजन गायक रामगोपाल गोपी ने जहां अपने भजनों से श्यामप्रभु को रिझाया वहीं दिल्ली वाले भजन गायक अजय तुलसीयान ने हनुमानजी के गुण, प्रभाव व रामभक्ति से जुड़े भजन प्रस्तुत किये। आगंतुकों का स्वागत सत्कार व्यवस्थापक जगदीश शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंदिर की शानदार सजावट की गई व दक्षिणमुखी बालाजी का भव्य श्रंगार किया गया।

विद्यालय में पंखे भेंट किये

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं की धरा को वीरों एवं भामाशाहों की भूमि के रुप में पहचाना जाता है। उसी कड़ी में गुरुवार को शहीद हवलदार ईश्वर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भड़ौंदा खुर्द में भामाशाह हितेंद्र धाणका ने अपनी सुपुत्री की तीसरी पुण्यतिथि पर तीन सिलिंग फैन विधालय प्रशासन को सुपुर्द किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश सिंह चाहर की प्रेरणा से अभिभूत होकर उन्होंने इस कार्य को अंजाम दिया।

एसीआई फाउंडेशन से 33 प्रतिशत विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिये क्वालिफाई किया

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित एसीआई सस्थान के इस वर्ष जेईई मैन्स सेशन द्वितीय की परीक्षा के बाद अंतिम परिणाम की कट ऑफ के आधार पर छात्र गिरीराज सिंह पुत्र यावन सिंह तथा दीपक कुमार पुत्र प्रदीप कुमार ने सर्वाधिक 95 पर्सेन्टाइल, छात्रा प्रतिभा पुत्री मुकेश कुमार ने 93 पर्सेन्टाइल, कपिलेश्वर प्रसाद पुत्र कामेश्वर प्रसाद तथा खुशी जांगिड 90 पर्सेन्टाइल प्राप्त कर जेईई एडवांस परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया।

एसीआई के बैच 2023 के विद्यार्थी सिद्धार्थ मोरवाल 98.7 पर्सेन्टाइल, कीर्ति शुक्ला 97 पर्सेन्टाइल तथा कौशल जांगिड़ 95 पर्सेन्टाइल प्राप्त कर सफलता प्राप्त की। फाउंडेशन हैड विजय सैनी ने बताया कि वर्ष 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 15 लाख विद्यार्थियों ने मैन्स परीक्षा में भाग लिया था। जिनमें से 15 प्रतिशत के लगभग विद्यार्थियों ने एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। जबकि एसीआई के प्रत्येक तीसरे विद्यार्थी ने एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसीआई फाउंडेशन का चयन अनुपात औसत के दुगूने से भी अधिक है। जबकि पिछले वर्ष की तुलना में कट ऑफ प्रतिशत इस वर्ष से अधिक रहा है। विद्यार्थियों व उनके अभिभावको का संस्थान द्वारा माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक मनोज शर्मा व विकास शर्मा ने जेईई एडवांस में सफलता के लिए और अधिक मेहनत करने की सलाह दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुनिल कुमार, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, दिव्या रोहिला, नरेन्द्र कुमावत, धर्मेन्द्र नागर, जयप्रकाश शर्मा, महेन्द्र सिंह, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, राकेश चौधरी, पूनम जांगिड़, दिवेंक शर्मा, सरिता कुमारी, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, नरेश कुमार, संतोष शर्मा, निशा शर्मा, सुमन चौहान, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील, बिलाल अली, ऋतिका बहुगुणा एवं वैशाली शर्मा आदि उपस्थित थे।

चुनाव के बाद राजनैतिक पार्टियां व मतदाता परिणाम को लेकर संशय में

सीकर, (नि.सं.)। सीकर लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद राजनैतिक पार्टीयों व आम मतदाता में परिणाम को लेकर संशय बना हुआ है। जबकि इंडिया गङ्गबंधन जातिगत समीकरणों को लेकर जीत के प्रति आश्वसत दिखाई दे रहा है।

वहीं भाजपा अपने वोटर व मोदी की गारंटी तथा विकास कार्यों के साथ अपनी जीत सुनिश्चित मान रही है। मतदान के बाद उभर वे कर आये मतदाताओं के रूझानों के अनुसार इंडिया गङ्गबंधन के उम्मीदवार की अपेक्षा भाजपा उम्मीदवार की जीत के आसार अधिक दिखाई दे रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में जो मतदान में गिरावट आयी है। इसका नुकसान दोनों ही दलों को दिखाई दे रहा है। हालांकि इंडिया गङ्गबंधन के प्रभुत्व वाले ग्रामीण इलाकों में मतदान कम हुआ है। वहीं भाजपा की ओर से शहरी क्षेत्र में मतदान अधिक होना सामने आया है।

जातिगत समीकरणों की बात की जाये तो इंडिया गङ्गबंधन एसी, एसटी, अल्पसंख्यक व जाट मतदाताओं को अपने पक्ष में मानकर चल रहा है लेकिन

■ कम मतदान इंडिया गठबंधन व भाजपा दोनों के लिए ही घाटे का सौदा रहेगा

मतदान को प्रतिशत पचास से साङ्ग प्रतिशत के बीच रहा है। इन मतदाताओं से इंडिया गङ्गबंधन की नैया पार होना मुश्किल दिखाई दे रहा है। भाजपा अपने कम मतदान में भी अधिक मत मान कर चल रही है। इनका कहना है कि कांग्रेस का मतदाता इंडिया गठबंधन का वोटर नहीं था वह मतदान करने घर से बाहर निकला ही नहीं जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिला है। इन सारे समीकरणों के बावजूद भाजपा उम्मीदवार मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहा है। इंडिया गङ्गबंधन के माकपा उम्मीदवार अमराराम के पक्ष में लामबद्ध होना भाजपा मतदाताओं को एकजुट होने में भाजपा के लिए फायदे का सौदा दिखाई दे रहा है।

इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक व जाट मतदाता ही मुखर दिखाई दिये तथा मौन रहकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया जबकि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अमरा राम के पक्ष के लोग जितने प्रखर दिखाई दे रहे थे उतना मतदान नहीं करवा सके। इस बार एसी एसटी व अल्पसंख्यक मतदाताओं को गत चुनाव के मुकाबले 10 से 20 प्रतिशत तक कम होना सामने आया है।

माकपा का मुखर वोटर अपना मत प्रतिशत बढ़ाने में पूर्णतया असफल रहा है। माकपा उम्मीदवार स्वर्ण मतदाताओं एवं कांग्रेस के वोटर को भी अपने पक्ष में नहीं कर पाया क्योंकि कांग्रेस का स्वर्ण वोटर माकपा को मत देने के पक्ष में नहीं था। इसलिए यह वोटर मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचा। वहीं भाजपा अपने वोटर को मतदान केंद्र तक लाने में कुछ हद तक सफल कही जा सकती है। भाजपा इंडिया गठबंधन से नाराज वोटर को माकपा के मुकाबले भाजपा अपने पक्ष में करने में सफल रही। माकपा को कांग्रेस नेताओं की इच्छा से ही अपना चुनाव प्रचार करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर भाजपा अपने नेताओं के साथ एकजुटता में रहकर चुनाव प्रचार किया।

इसका फायदा भाजपा को मिला। चुनाव के दौरान किसी कद्दावर नेता का माकपा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए नहीं आना भी घाटे का सौदा रहा। इंडिया गङ्गबंधन को स्थानीय नेताओं के भरोसे ही चुनाव प्रचार करना पड़ा। वहीं भाजपा की ओर से अमित शाह, योगी आदित्यनाथ व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसे प्रदेश स्तरीय जैसे बड़े नेताओं की सभा हुई। जिसका लाभ भाजपा को मिल सकेगा।

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अमराराम के पक्ष में लोकसभा क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़, दांतारामगढ़, धोद विधानसभा क्षेत्र में मजबूत स्थिति का आंशिक लाभ के संकेत दिखाई दे रहे हैं। वही भाजपा के पक्ष में सीकर, खंडेला, चौमूं, नीमकाथाना में बढ़त दिखाई दे रही है।

इस चुनाव में इंडिया गङ्गबंधन स्वीकार नहीं होने, जातीय समीकरण, कम मतदान आदि के बावजूद भाजपा उम्मीदवार मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहा है। असली हार जीत तो चार जून के दिन ही तय होगी। अभी सब कुछ भविष्य के गर्भ में है। हार जीत के कयास लगाये जा रहे हैं।

बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की बैठक हुई

चूरू (कासं)। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय चूरू की शाखाओं की वार्षिक कार्ययोजना बैठक का आयोजन बैंक अध्यक्ष यादव एस ठाकुर एवं महाप्रबंधक एम के गोयल की अध्यक्षता मे चूरू मे किया गया।

बैंठक मे बैंक के चूरू व डूंगरगढ़ क्षेत्र के 89 शाखाओ के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्ययोजना बैठक मे क्षेत्रीय प्रबंधक करणबीर सिंह ने स्वागत भाषण दिया। बैठक मे चालू वित्तीय वर्ष मे व्यवसाय बढ़ाने की कार्ययोजना पर अध्यक्ष द्वारा प्रज